खबर एक्सप्रेस

एथर एनर्जी ने लॉन्च किया पॉटहोल+ अलर्ट्स, अब स्मार्ट कनेक्टेड डेटा से राइड होगी और भी सुरक्षित

चंडीगढ़। एथर एनर्जी ने अपने जेन 2 और उससे नए स्कूटरों, जैसे एथर 450 एपेक्स, 450 एक्स और रिज्टा जैड , के ग्राहकों के लिए पॉटहोल+ अलर्ट्स फीचर जारी करना शुरू कर दिया है। यह फीचर एथर के इंटरनेट से जुड़े स्कूटरों से मिलने वाले डेटा की मदद से राइडर को रास्ते में आने वाले गड्ढों, टूटी हुई सड़कों, ऊबड़-खाबड़ रास्तों और स्पीड ब्रेकर की पहले से जानकारी देता है। इतना ही नहीं, सफर शुरू होने से पहले यह सिर्फ सबसे तेज नहीं, बल्कि सबसे आरामदायक और बेहतर रास्ता भी सुझाता है। एक्स पर इस फीचर की जानकारी देते हुए एथर के को-फाउंडर और सीईओ तरुण मेहता ने बताया कि इस फीचर को तैयार करने में लगभग 9 साल लगे। उन्होंने कहा कि, "मुश्किल आइडिया नहीं था, बल्कि सही डेटा जुटाना सबसे बड़ी चुनौती थी।" तरुण मेहता के मुताबिक, इस फीचर को बनाने के लिए एक बड़े कनेक्टेड फ्लीट की जरूरत थी। जिसमें लंबे समय तक बड़ी संख्या में जुड़े हुए एथर स्कूटरों से एक ही सड़क पर चलने के दौरान डेटा इकट्ठा किया जा सके। इसी डेटा की मदद से कंपनी सड़कों की सही स्थिति, जैसे गड्ढे और खराब रास्तों, की सटीक पहचान कर पाई और जिससे एथर को सड़क की स्थितियों की सही पहचान करने के लिए जरूरी फ्लीट इंटेलिजेंस मिली।हर एथर स्कूटर में स्मार्ट कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा दी गई है। इसकी मदद से कंपनी को लगातार स्कूटर चलने के दौरान सड़कों और राइडिंग से जुड़ा डेटा मिलता रहता है। इसी डेटा के आधार पर कंपनी समय-समय पर सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए नए फीचर जोड़ती रहती है। तरुण मेहता के अनुसार, पॉटहोल+ अलर्ट्स इस कनेक्टेड सिस्टम का सबसे बड़ा उदाहरण है। यह फीचर लाखों किलोमीटर की राइडिंग से मिले डेटा का इस्तेमाल करके सड़कों पर मौजूद गड्ढों की जानकारी देता है, जिससे हर दिन राइडर्स की यात्रा अधिक सुरक्षित और आसान बनती है।

जावा येज्दी मोटरसाइकल्स ने नए येज्दी रेंज के साथ 2026 के त्योहारी सीजन की शुरूआत की

चंडीगढ़। जावा येज्दी मोटरसाइकल्स ने भारत के त्योहारी सीजन से ठीक पहले येज्दी की 2026 रेंज का अनावरण किया है।बोमन रुस्तम ईरानी, सह-संस्थापक, क्लासिक लेजेंड्स ने कहा, 'अनटेम्ड ट्रिनिटी' नाम की ये तीन विशेष मोटरसाइकल्स - येलो फाल्कन एडवेंचर, ग्रीन माम्बा रोडस्टर और ग्रे पैंथर स्क्रैम्बलर - येज्दी के निरंतर विकास को दर्शाती हैं, जहां हर नया रूप राइडर्स की असली जरूरतों को पूरा करता है। केरल से शुरू होकर, जहां ओणम के साथ भारत का त्योहारी सीजन शुरू हो रहा है, यह तिकड़ी अब देश भर में उपलब्ध होगी।रेंज में सबसे आगे येलो फाल्कन एडवेंचर है, जिसमें क्रॉस-स्पोक व्हील्स दिए गए हैं। ये पारंपरिक स्पोक व्हील्स की मजबूती के साथ ट्यूबलेस टायरों की सुविधा प्रदान करते हैं, जो राइडर्स द्वारा सबसे ज्यादा मांगी जाने वाली सुविधाओं में से एक थी। इसमें सिग्नेचर डेकल्स के साथ एक खास ग्रे और येलो कलर कॉम्बिनेशन भी मिलता है। यह नया व्हील विकल्प पूरी येज्दी एडवेंचर रेंज में उपलब्ध होगा। 334-सीसी लिक्विड-कूल्ड अल्फा2 इंजन द्वारा संचालित, जो 29.6 पीएस की पावर और 29.9 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है, इसमें ट्रैक्शन कंट्रोल और एबीएस मोड (रोड, रेन और ऑफ-रोड) मिलते रहेंगे।



उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक भारत की टॉप 10 बेहतरीन कंपनियों में शामिल



चंडीगढ़। भारत के प्रमुख स्मॉल फाइनेंस बैंकों में से एक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसबीएफ) ने घोषणा की है कि उसने 'काम करने के लिए भारत की 100 सर्वश्रेष्ठ कंपनियों' की 2026 (इंडियाज बेस्ट कंपनीज टू वर्क फॉर 2026) की सूची में 8वाँ स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि बैंक की पिछली रैंकिंग से एक बड़ी छलांग है और देश में काम करने के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक के तौर पर इसकी स्थिति को और मजबूत करती है।इस उपलब्धि के अलावा, उज्जीवन एसएफबी को 'बीएफएसआई 2026 में भारत के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों' की टॉप 25 और 'स्वास्थ्य और कल्याण 2026 में भारत के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों' की टॉप 10 सूची में भी शामिल किया गया है। यह बैंक की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत वह ऐसा माहौल बनाना चाहता है, जहाँ लोग आगे बढ़ सकें, तरक्की कर सकें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। उज्जीवन एसएफबी में ह्यूमन रिसोर्स की हेड सुश्री चंद्रलेखा चौधरी ने कहा, उज्जीवन एसएफबी के लिए, यह पहचान सिर्फ एक रैंकिंग नहीं है, बल्कि यह लगातार हो रही तरक्की की कहानी है। पिछले कुछ सालों में, बैंक ने लीडरशिप की पहुँच, कर्मचारियों की भलाई, करियर में आगे बढ़ने के मौकों, इनोवेशन और कर्मचारियों के फीडबैक को सुनने के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के जरिए अपने कल्चर को लगातार मजबूत किया है। इसका नतीजा एक ऐसा वर्कप्लेस है, जहाँ भरोसा साल-दर-साल और मजबूत होता जा रहा है। उज्जीवन एसएफबी ने अब लगातार 16 सालों तक ग्रेट प्लेस टू वर्क' की पहचान हासिल की है (उज्जीवन एसएफबी- नोट 1), जो लोगों को प्राथमिकता देने की इसकी मजबूत सोच का सबूत है।

भारत और जर्मनी मिलकर विकसित करेंगे भविष्य की तकनीकें

नई दिल्ली। भारत और जर्मनी के बीच उद्योग, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईजीसीसी) ने आईजीसीसी इंडस्ट्री डायलॉग 2026 के दूसरे संस्करण का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दोनों देशों के नीति-निमार्ताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर और रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईजीसीसी) के महानिदेशक जान नोएथर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आने के दो सप्ताह बाद उन्होंने इसी मंच पर अपनी पहली आधिकारिक भागीदारी की थी। पिछले वर्ष आयोजित इस कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए इसे हर वर्ष आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि यह मंच भारत और जर्मनी के नीति-निमार्ताओं, उद्योग जगत के नेताओं और विशेषज्ञों को एक साथ लाता है, जहां दोनों देश नए विचारों का आदान-प्रदान करते हैं, साझेदारी को मजबूत बनाते हैं और सहयोग के नए अवसर तलाशते हैं। मीडिया से बातचीत में जान नोएथर ने बताया कि दो दिन पहले बेंगलुरु में आयोजित स्टार्टअप प्रतियोगिता में करीब 90 स्टार्टअप्स ने हिस्सा लिया, जहां कई नवोन्मेषी तकनीकी समाधान सामने आए। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जर्मनी के ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) इकोसिस्टम का प्रमुख फोकस बन चुका है। भारत और जर्मनी के बीच सहयोग विशेष रूप से रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर केंद्रित है।

वैज्ञानिक परीक्षणों के बाद ही लागू किया गया ई20 पेट्रोल

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को संसद में स्पष्ट किया कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) को देश भर में चरणबद्ध तरीके से लागू करने से पहले व्यापक वैज्ञानिक परीक्षण, फील्ड ट्रायल और सभी संबंधित पक्षों से विस्तृत परामर्श किया गया था। सरकार का कहना है कि निर्धारित मानकों के तहत ई20 पेट्रोल पुराने और नए दोनों प्रकार के वाहनों के लिए सुरक्षित है। लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम को नीति आयोग, ऑटोमोबाइल कंपनियों, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी), ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई), सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम (आईआईपी) तथा अन्य तकनीकी संस्थानों के साथ वैज्ञानिक और परामर्श आधारित प्रक्रिया के बाद लागू किया गया। मंत्री ने बताया कि ई20 ईंधन लागू करने से पहले एआरएआई, एसआईएएम, इंडियन ऑयल (आईओसीएल), आईआईपी और वाहन निमार्ताओं ने व्यापक प्रयोगशाला परीक्षण और वास्तविक परिस्थितियों में फील्ड ट्रायल किए। इन परीक्षणों में इंजन की मजबूती, ड्राइविंग प्रदर्शन, स्टार्ट होने की क्षमता, जंग-रोधी क्षमता, विभिन्न पुर्जों की अनुकूलता, उत्सर्जन और ईंधन दक्षता जैसे सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच की गई। सरकार के अनुसार, इन सभी अध्ययनों में यह पुष्टि हुई कि निर्धारित मानकों के तहत ई20 पेट्रोल का इस्तेमाल पूरी तरह सुरक्षित है।

सेमीकंडक्टर और चिप स्टॉक्स में भारी बिकवाली से दक्षिण कोरिया शेयर बाजार में हाहाकार

एक माह में महज एक महीने में 35 फीसदी गिरा कोस्पी

- आने वाले दिनों में भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ सकता है नकारात्मक प्रभाव

आज समाज नेटवर्क



नई दिल्ली। अप्रैल 2025 से रैली शुरू हुई थी। उसके बाद दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार ने करीब 14 महीने तक पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा।

इस रैली में सबसे बड़ी भूमिका सेमीकंडक्टर और चिप स्टॉक्स की थी। शुरूआती दौर में इन स्टॉक्स में निवेश करने वाले मालामाल हो गए। दक्षिण कोरिया के शेयर मार्केट (Share Market) में तेजी के पीछे SK hynix और Samsung का अहम रोल रहा है। दक्षिण कोरिया के मुख्य इंडेक्स Kosp में इन दोनों कंपनियों की हिस्सेदारी करीब 50 फीसदी तक है।

पिछले एक साल में इन दोनों कंपनियों के शेयरों ने निवेशकों छप्पर फाड़कर रिटर्न दिया है। लेकिन अब करीब एक महीने से खेल पलट गया है। 40 दिन से दक्षिण कोरिया के बाजार में गिरावट का दौर चल रहा है। सेमीकंडक्टर और चिप स्टॉक्स में भारी बिकवाली से दक्षिण कोरिया के बाजार का बुरा हाल है, महज एक महीने में 35 फीसदी कोस्पी गिर चुका है। अब जब इंडेक्स 35 फीसदी टूट चुका है, तो स्टॉक में कोहराम मचना लाजिमी है। इसका असर भारतीय निवेशकों पर भी पड़ेगा, क्योंकि भारतीय निवेशक म्यूचुअल फंड और एळक्ष्के माध्यम से दक्षिण कोरिया के बाजार में निवेश करते हैं। दक्षिण कोरिया का प्रमुख इंडेक्स डङ्घ२स्र इंडेक्स लगातार गिरावट की वजह फिसलकर 6000 अंक नीचे से नीचे पहुंच गया है। जबकि पिछले महीने ही इंडेक्स 9,385.59 अंक का हाई लगाया था। यानी एक तिहाई मार्केट में गिरावट आ चुकी है।

महज पिछले 5 दिन में ही दक्षिण कोरिया का बाजार 20 फीसदी से ज्यादा गिर चुका है। अगर स्टॉक्स की बात करें एक महीने Samsung का शेयर 40 फीसदी गिरा है, जबकि स्ड hynix में इससे भी ज्यादा की गिरावट आई है। दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशकों में कोहराम मच गया है। वैसे निवेशक फंस गए हैं, जिन्होंने सेमीकंडक्टर और चिप स्टॉक्स में पिछले दो महीने के अंदर निवेश किया है।

दक्षिण कोरिया ही नहीं, वैश्विक बाजारों में इसका असर देखने को मिल रहा है। अमेरिका और ताइवान के स्टॉक मार्केट को भी अब सेमीकंडक्टर और चिप स्टॉक्स ने हिलाकर रख दिया है। नैस्डैक में लगातार गिरावट देखी जा रही है, अमेरिकी सेमीकंडक्टर और चिप स्टॉक्स का भी बुरा हाल है, जिससे नैस्डैक इंडेक्स पिछले एक महीने में करीब 11 फीसदी फिसल चुका है। बता दें, साउथ कोरिया की प्रमुख सेमीकंडक्टर निमार्ता कंपनी SK hynix Inc। के शेयर ने पिछले एक साल में लगभग 450% से ज्यादा का शानदार रिटर्न दिया है। वहीं Samsung के स्टॉक्स में एक साल में करीब 285 फीसदी का रिटर्न दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर में आई भारी मांग के कारण High Bandwidth Memory (HBM) चिप्स की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है।

Nvidia जैसी दिग्गज कंपनियों को HBM3/HBM3E चिप्स की सप्लाई करने की वजह से SK hynix के राजस्व और मुनाफे में रिकॉर्ड उछाल आया है। लेकिन अब तेज गिरावट ने निवेशकों को हिलाकर रख दिया था। मालूम हो कि साउथ कोरिया के बाजार में अचानक निवेशक करने वालों की बाढ़ आ गई थी, लोग सारा बचत बाजार में झोंक दे रहे थे, अब गिरावट में ऐसे लोग ही सबसे ज्यादा पछता रहे होंगे, वहीं, एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये गिरावट कहां जाकर थमेगी, इसका अभी अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति मजबूत करने की कवायद

आरबीआई ने उठाया बड़ा कदम

- ऑनशोर और ऑफशोर दोनों बाजारों में हस्तक्षेप किया

आज समाज नेटवर्क



नई दिल्ली। रुपये की गिरावट को थामने के लिए आरबीआई ने पिछले शुक्रवार को करीब $7 बिलियन बाजार में झोंके। यह कई महीनों में एक दिन में किया गया सबसे बड़ा हस्तक्षेप था। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने ऑनशोर और ऑफशोर दोनों बाजारों में हस्तक्षेप किया क्योंकि रुपया डॉलर के मुकाबले ऑल टाइम लो के बेहद करीब पहुंच गया था। RBI ने डॉलर की बिक्री की पुष्टि के लिए किए गए कॉल और ईमेल का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। हाल में कच्चे तेल में आई उछाल ने एशिया के तेल आयातक देशों को को बुरी तरह प्रभावित किया। इससे फिलीपींस के सेंट्रल बैंक को भी अपनी करेंसी को बचाने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा। भारत में, आरबीआई ने शुक्रवार के हस्तक्षेप के बाद अगले दो सत्रों में डॉलर की बिक्री की। इससे रुपया मजबूत हुआ। गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 95.7437 पर कारोबार कर रहा था। डॉलर के मुकाबले इसका रेकॉर्ड लो 96.96 है। भारतीय करेंसी 20 मई को कारोबार के दौरान इस स्तर तक फिसली थी। आरबीआई ने डॉलर की बिक्री ऐसे समय बढ़ाई है जब पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के उसके हालिया कदमों से विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। इससे केंद्रीय बैंक को रुपये की रक्षा के लिए अधिक संसाधन मिले हैं। RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस सप्ताह की शुरूआत में बताया कि पूंजी प्रवाह बढ़ाने के उपायों पर अब तक अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और बैंकों ने $32 बिलियन जुटाए हैं। 17 जुलाई तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार $676.2 बिलियन था, जो तीन सप्ताह में $9 बिलियन से अधिक बढ़ गया। लगातार तीसरे सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है।

बाबा रामदेव की फाइनेंशियल सेक्टर में एंट्री

आज समाज नेटवर्क



नई दिल्ली। बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के लिए फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में एंट्री का रास्ता साफ हो गया है।

पतंजलि आयुर्वेद और धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (DS ग्रुप) ने पिछले साल मार्च में लगभग 4,500 करोड़ रुपये में नॉन-लाइफ इंश्योरेंस कंपनी मैग्मा जनरल इंश्योरेंस को खरीदने की घोषणा की थी। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (IRDAI) ने इस सौदे को मंजूरी दे दी है। हर्बल और अन्य FMCG प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी पतंजलि आयुर्वेद की मैग्मा जनरल इंश्योरेंस में 73.6% हिस्सेदारी होगी जबकि रजनीगंधा पान मसाला बनाने वाले ऊर ग्रुप की 24.5% हिस्सेदारी खरीदेगा। 28 जुलाई को मिली मंजूरी की शर्तों के तहत पतंजलि अब मैग्मा जनरल इंश्योरेंस की प्रमोटर बन जाएगी और कंपनी की सॉल्वेंसी और ग्रोथ को सपोर्ट करने के लिए कैपिटल लगाती रहेगी। वहीं ऊर ग्रुप अधिग्रहण करने वाले कंसोर्टियम में को-इन्वेस्टर के तौर पर शामिल होगा। केयरएज रेटिंग्स ने मार्च में कहा था कि मैग्मा जनरल इंश्योरेंस का ग्रॉस डायरेक्ट प्रीमियम FY21 और FY25 के बीच 22% की कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट (CAGR) से बढ़कर 3,334 करोड़ रुपये हो गया, जबकि जनरल इंश्योरेंस इंडस्ट्री की CAGR 10% थी। इंश्योरेंस कंपनी ने FY25 में ब्रेक-ईवन हासिल किया और 1 करोड़ रुपये का प्रॉफिट दर्ज किया, जबकि FY24 में उसे 141 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। FY26 के पहले नौ महीनों में कंपनी ने 27 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया।

मारुति सुजुकी ने गुजरात में शुरू किया चौथा प्लांट

आज समाज नेटवर्क



नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने गुरुवार को गुजरात के हंसलपुर स्थित अपने चौथे विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) प्लांट में व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया। इसके साथ ही इस परिसर की वार्षिक उत्पादन क्षमता बढ़कर 10 लाख (1 मिलियन) वाहन हो गई है। यह अब एक ही स्थान पर भारत का सबसे बड़ा यात्री वाहन निर्माण केंद्र बन गया है। नए प्लांट के शुरू होने से हंसलपुर संयंत्र की वार्षिक उत्पादन क्षमता 7.5 लाख यूनिट से बढ़कर 10 लाख यूनिट हो गई है। कंपनी के अनुसार, चौथे प्लांट के शुरू होने के साथ हंसलपुर, सुजुकी का दुनिया का पहला ऐसा मैन्युफैक्चरिंग परिसर बन गया है, जहां एक ही स्थान पर हर साल 10 लाख वाहन बनाए जा सकते हैं। इसके साथ ही यह भारत का सबसे बड़ा सिंगल-लोकेशन पैसेंजर व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स भी बन गया है।नए प्लांट के चालू होने के बाद मारुति सुजुकी की पूरे भारत में कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता बढ़कर 29 लाख (2.9 मिलियन) वाहन हो गई है। कंपनी ने हंसलपुर परियोजना में अब तक 25,288.7 करोड़ रुपए का कुल निवेश किया है, जिनमें से नए प्लांट पर ही करीब 3,900 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। नए प्लांट में शुरूआत में कंपनी अपनी पहली बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल (बीईवी) 'ई-विटारा' का उत्पादन करेगी। इसके जरिए मारुति सुजुकी भारत के इलेक्ट्रिक पैसेंजर वाहन बाजार में अपनी मजबूत शुरूआत करने जा रही है। हंसलपुर संयंत्र में फिलहाल फ्रॉन्क्स, बलेनो, स्विफ्ट और ई-विटारा जैसे मॉडल बनाए जाते हैं। हंसलपुर प्लांट कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण एक्सपोर्ट हब भी बन चुका है। वित्त वर्ष 2025-26 में मारुति सुजुकी के कुल वाहन निर्यात का लगभग 47 प्रतिशत हिस्सा इसी संयंत्र से किया गया। मारुति सुजुकी ने गुजरात प्लांट में टिकाऊ लॉजिस्टिक्स को भी बढ़ावा दिया है। कंपनी ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति कार्यक्रम के तहत मार्च 2024 में हंसलपुर संयंत्र में भारत की पहली इन-प्लांट रेलवे साइडिंग शुरू की थी। हालांकि, रेलवे के माध्यम से वाहनों की ढुलाई मार्च 2023 से शुरू हो चुकी थी। तब से अब तक कंपनी 7.5 लाख से अधिक वाहनों को रेल नेटवर्क के जरिए भेज चुकी है, जिससे कार्बन उत्सर्जन, ईंधन की खपत और सड़क पर यातायात का दबाव कम करने में मदद मिली है।

अमेरिका फेड ने पॉलिसी रेट को फिर से स्थिर रखा, शेयर बाजार में गिरावट

आज समाज नेटवर्क



नई दिल्ली। अमेरिकी शेयर बाजार में हाहाकार (US Stock Market Crash) मचा नजर आया है और ये हुआ है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (Donald Trump) के करीबी माने जाने वाले अमेरिकी फेडरल रिजर्व यानी वर Fed चेयरमैन केविन वॉर्श (Kevin Warsh) के एक फैसले के बाद। दरअसल, 29 जुलाई को अमेरिका में फेड ने दो दिवसीय बैठक के बाद पॉलिसी रेट्स (US Policy Rate) पर अपना निर्णय सुनाया और इस बार भी बेंचमार्क ब्याज दरों को 3.5%-3.75% पर यथावत रखा गया। यानी इनमें किसी भी तरह का कोई परिवर्तन नहीं हुआ। इसके बाद कटौती की आस लगाए अमेरिकी शेयर बाजार में जैसे भूचाल आ गया।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.08.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

फरीदाबच, बल्लभगढ़, 0122540700031249, 1768, 2159, 2213, 2468, 2480, 3126, 3277, 3480, 3483, 3514, 3531, 3735, 3912, 3936, 4023, 4061, 4104, 4236, 4253, 0122540730022000, 3381, 4245, 4802, 6087, 6161, 7223, 7906, 8247, 8263, 8333, 4447, 4448, 4453, 4454, 4456, 4457, फरीदाबच, 0100910700040907, 1143, 1969, 2043, 2155, 2224, 2242, 2448, 2625, 2754, 2777, 2783, 2912, 2920, 2922, 2933, 2937, 2942, 2943, 2970, 2984, 3009, 3018, 3136, 3171, 3220, 3249, 3250, 3255, 0100910730020205, 0286, 0344, 0666, 0741, 0948, 0968, 0993, 4371, जवाहर कालोनी, 0124310700043040, 7512, 9225, 9453, 9654, 0301, 0345, 0693, 0980, 1059, 1522, 1562, 1597, 1619, 1799, 1805, 1852, 1927, 2081, 2149, 2165, 2286, 2288, 2358, 2360, 2412, 2514, 2550, 2612, 2613, 2630, 2749, 2806, 2819, 3027, 3123, 3352, 3354, 3379, 3419, 3459, 3490, 3498, 3558, 3578, 3669, 3696, 3736, 3754, 3763, 3822, 3823, 3829, 3844, 3878, 3881, 3906, 4025, 4035, 4053, 4079, 0124310730017288, 9133, 0106, 0642, 0829, 0853, 0891, 1253, 1254, 1472, 1933, 2423, 2534, 2554, 2599, 3062, 3089, 3464, 3792, 3961, 4028, 4733, 4798, 0971, 0980, 0986, 0037, 0088, नीलम बाटा चौक, 0112430700024072, 4355, 4586, 4647, 4811, 4842, 4888, 4889, 5112, 5553, 5771, 5856, 5978, 6048, 6173, 6174, 6180, 6253, 6266, 6300, 6365, 6411, 6421, 6458, 6462, 6537, 6581, 6586, 6593, 6610, 6628, 6638, 0112430730015568, 6496, 6508, 7290, 7490, 7894, 8278, 8281, 3225, 3226, 3231, 3232, एनआईटी वीके चौक रोड, 0118270700029063, 0579, 1038, 1051, 1435, 1527, 1565, 1662, 1678, 1702, 1737, 1826, 1892, 1917, 2048, 2070, 2085, 2090, 2114, 2128, 2134, 2223, 2278, 2311, 2319, 2985, 0118270730015173, 6014, 6101, 6131, 9066, 9076, 9077, पलवल आगरा रोड, 0116870700043124, 6604, 7001, 7113, 7114, 7149, 7269, 7319, 7487, 7492, 7625, 7649, 7706, 8310, 8391, 8685, 8756, 8761, 8795, 9049, 9052, 9136, 9212, 9320, 9530, 9559, 9592, 9626, 9644, 1176, 0116870730023406, 3658, 3728, 4015, 4187, 4233, 4319, 4442, 4658, 4778, 5007, 5566, 5900, 6701, 6719, 6767, 6772, 6855, 6925, 2879, 4115, 4124, 4125, सेक्टर 29 हरियाणा, 0120130700030950, 2865, 2933, 3337, 3476, 3534, 3814, 3815, 3816, 3902, 4098, 4504, 4550, 4577, 4670, 4672, 4806, 4951, 5005, 5136, 5137, 5180, 5235, 5247, 5283, 5455, 5568, 5623, 5638, 5679, 5680, 5698, 0120130730015628, 5844, 6819, 6845, 7196, 7589, 8144, 9268, 5745, 5746, 5752, 5754, 5755, 5756, 5757, 5758, सेक्टर 34 हुडा मार्केट फरीदाबाद, 0120280700043645, 4517, 4886, 4962, 5218, 5396, 5400, 5453, 5504, 5566, 5890, 5987, 6101, 6120, 6197, 6257, 6259, 6271, 6282, 6283, 6290, 6320, 6325, 6344, 6609, 6632, 6658, 6681, 6697, 6700, 6708, 7025, 7202, 7231, 7373, 7375, 0120280730017677, 8334, 9983, 9984, 0198, 0398, 0850, 1374, 1378, 1536, 1852, 7712, 7713, 7716, गुड़गांव, खंडासा रोड गुड़गांव, 0112070700027951, 8147, 8388, 8501, 8598, 8672, 8734, 8739, 8787, 8862, 8894, 8921, 9049, 9268, 9514, 9515, 0112070730031740, 2387, 2920, 3822, 5558, 5689, लक्ष्मण विहार, 0110740700029195, 1507, 1509, 1547, 1668, 1846, 2006, 2034, 2086, 2128, 2343, 2368, 2410, 2463, 2488, 2512, 2539, 2591, 0110740730032500, 4826, 5436, 5840, 5850, 5890, 9181, 9185, 9187, 0025, न्यू रेलवे रोड, 0109780700026567, 7046, 8215, 8357, 8834, 0109780730016903, 7607, 8419, 8464, 9199, 3152, 3499, 3502, नुह मेवात हरियाणा, 0134820700018663, 8811, 9034, 9559, 9779, 9817, 9997, 0177, 0322, 0344, 0529, 0562, 0730, 0789, 0927, 0134820730015265, 7266, 8042, 9986, 0099, 0754, 1392, 2370, 2371, 2521, 2735, 9671, 9676, 9684, पटौदी गुडगांव, 0132270700016625, 7427, 7875, 8128, 8139, 8162, 8166, 8182, 8208, 8317, 8318, 8345, 8359, 8375, 8452, 8457, 8520, 8629, 8650, 8653, 8678, 8724, 0132270730037520, 7615, 8036, 8296, 8457, 8817, 8861, 8881, 8882, 9353, 2006, शीतला माता रोड गुड़गांव, 0110760700032974, 3213, 3387, 3645, 3722, 3810, 3870, 3888, 3960, 4267, 4305, 4372, 4445, 4651, 4725, 4855, 5035, 5136, 5251, 5295, 5376, 5393, 5465, 5540, 5758, 5798, 5808, 5811, 5890, 5913, 5925, 5989, 5990, 0110760730055148, 6670, 1999, 6580, 6582, 6583, 6590, 6599, 0149, सुखराली गुड़गांव, 0127720700015989, 6159, 6231, 6233, 6324, 6438, 6568, 6569, 6733, 6734, 6777, 6825, 6895, 6931, 7011, 7034, 7071, 7089, 7149, 7200, 7210, 7281, 7312, 7315, 0127720730024524, 4526, 4527, 6544, 6575, 6779, 7218, 7251, 7440, 7736, 7758, 3259, 4215, 4217, 0115, 0116, झज्जर, झज्जर 'बहादुरगढ़', 0119180700014651, 4659, 4846, 4904, 4914, 4941, 4955, 4971, 5032, 5256, 5349, 5479, 5650, 5698, 5729, 5799, 5838, 5859, 5888, 5944, 0119180730009935, 0218, 0530, 3334, 3335, 3336, 3337, 0067, झज्जर हरियाणा, 0128900700023489, 3560, 3712, 3848, 3889, 3917, 3995, 4395, 4497, 4529, 4622, 4707, 4901, 4903, 4978, 5066, 5187, 5203, 0128900730018900, 9748, 1358, 5245, नेहरू पार्क बहादुरगढ़, 0129670700026497, 8013, 8237, 8476, 8584, 8750, 8795, 8828, 8927, 9114, 9142, 9171, 9257, 9278, 9351, 9371, 9385, 9497, 9548, 9598, 9620, 9628, 9663, 9668, 9671, 9676, 9715, 9859, 9882, 9943, 9986, 9992, 0030, 0063, 0129670730023077, 3807, 5105, 5428, 5879, 5921, 6309, 6463, 7185, 7187, 0869, 0870, 0876, 0880, 0881, 0883, सिविल रोड रोहतक, 0118930700029229, 9233, 9273, 9729, 9854, 9960, 0237, 0390, 0425, 0634, 0635, 0649, 0876, 0945, 1081, 1093, 1107, 1144, 1177, 0118930730019635, 9738, 9849, 1065, 1067, 4340, 4341, 4342, रोहतक सुभाष चौक, 0118510700025603, 7070, 7444, 7506, 7802, 7892, 8044, 8246, 8267, 8273, 8283, 8336, 8337, 8340, 0118510730025123, 5829, 6563, 6667, 6707, 1738, सम्प्ला रोहतक रोड, 0117960700018578, 1986, 2112, 2286, 2296, 2422, 2534, 2555, 2556, 2558, 2578, 2581, 2586, 2592, 2634, 0117960730014706, 5239, 6361, 6456, 6464, 6478, 6489, 1255, सिरसा, डबवाली हरियाणा , 0131100700042962, 3290, 3646, 4696, 4697, 4819, 4878, 4919, 4968, 5116, 5384, 5446, 5454, 5533, 5536, 5566, 5583, 5586, 5598, 0131100730012293, 2729, 3084, 3394, 3403, 3856, 6434, 6438, सिरसा हरियाणा, 0130150700031820, 1821, 2143, 2228, 2248, 2341, 2418, 2616, 2637, 2829, 3100, 3192, 3234, 3382, 3456, 3705, 3787, 3788, 3842, 3949, 3959, 3962, 4004, 4026, 4060, 4124, 4222, 4273, 4290, 4320, 4340, 4350, 5541, 0130150730018985, 9282, 9490, 9491, 9760, 9795, 0808, 2198, 2681, 2682, 2683, 3130, 4042, 4045, 4058, 9829, 9842, 9845, सोनीपत, गोहाना, 0131050700018709, 0697, 0770, 0874, 0884, 0969, 1193, 1266, 1310,